# वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
# नई दिल्ली

1. **"सीएसआईआर साइंटिस्ट अपार्टमेंट्स, महारानी बाग, आश्रम चौक, नई दिल्ली की फेज-1 की इमारतों (अर्थात् ए,बी,सी तथा ई ब्लॉक) में संरचनात्मक मरम्मत"** के मिले-जुले कार्य के लिए सीपीडब्ल्यूडी, रेलवे, एमईएस, राज्य पीडब्ल्यूडी, अर्धसरकारी संगठनों के उपयुक्त वर्ग के ठेकेदारों और /या सीएसआईआर या इसकी प्रयोगशालाओं, सरकारी अथवा अर्ध-सरकारी संगठनों में ऐसे ही कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर चुके ठेकेदारों से ई-टेंडरिंग पोर्टल https://etenders.gov.in/eprocure/app के माध्यम से ऑन-लाइन वस्तु दर ई- निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । निविदाकारों ने गत सात वर्षों में **रु. 89.27 लाख** की राशि के कम से कम समान तीन कार्य या **रु. 133.90**लाख की राशि के कम से कम समान दो कार्य अथवा **रु. 178.53 लाख** या अधिक की राशि का कम से कम समान एक कार्य निविदा मांगे जाने वाले माह से पूर्व माह के अंत तक सफलतापूर्वक पूरे किये हों । संविदाकार उक्त शर्तों को पूरा करने वाले साक्ष्य के साथ-साथ पैन, जीएसटी पंजीकरण संख्या, संतोषजनक कार्य पूरा करने संबंधी प्रमाण पत्रों की प्रतियों के साथ आवेदन कर सकते हैं । संविदाकार को वैध इलेक्ट्रिकल लाइसेंस रखने या लाइसेंसधारी इलेक्ट्रिकल संविदाकार से बिजली से जुड़े कार्य करानेका साक्ष्य प्रस्तुतकरना होगा ।

समान कार्यका अर्थ यह होगा कि संविदाकार को संरचनात्मक कार्य/आरसीसी संरचनाओं के सशक्तीकरण कार्य का अनुभव है ।

1. इस कार्य की मिली-जुली अनुमानित लागत **रु. 2,23,16,592/-**( दो करोड़ तेईस लाख सोलह हजार पांच सौ बानवें रुपये मात्र) है, जो डीएसआर- 2018 तथा श्रम कर की 1% दर के साथ प्रचलित बाजार दर पर आधारित है ।
2. इस कार्य को पूरा करने की संविदा अवधि अवार्ड लैटर जारी होने के दसवें दिन से कार्य शुरू होने की तारीख से 24 माह की होगी ।

3. निविदाकार द्वारा दो बोली प्रणाली में निविदा को ऑन-लाइन सीपीपीपी वेबसाइटः https://etenders.gov.in/eprocure/app पर निम्न क्रिटिकल डेट शीटमें दी गई तारीख के अनुसार प्रस्तुत किया जाएगाः

**<u>क्रिटिकल डेट शीट</u>**

| **क्र.सं.** | **गतिविधियों की सूची** | **तारीख एवं समय** |
|---|---|---|
| 1. | सीपीपी पोर्टल पर प्रकाशित तारीख | **<u>26.11.2019 पूर्वाह्न 11:30 बजे से</u>** |
| 2. | निविदा दस्तावेज डाउनलोड की आरंभ तारीख | **<u>26.11.2019 पूर्वाह्न 11:30 बजे से</u>** |
| 3. | निविदा दस्तावेज डाउनलोड की अंतिम तारीख | **<u>09.12.2019 पूर्वाह्न 11:30 बजे तक</u>** |
| 4. | निविदा प्रस्तुत करने की आरंभ तारीख | **<u>26.11.2019 पूर्वाह्न 11.30 बजे से</u>** |
| 5. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख | **<u>09.12.2019 पूर्वाह्न 11.30 बजे तक</u>** |
| 6. | तकनीकी बोली खोलने की तारीख (लिफाफा-I) | **<u>10.12.2019 पूर्वाह्न 11.30 बजे तक</u>** |
| 7. | वित्तीय बोली खोलने की तारीख (लिफाफा-II) | **इसकी सूचना बाद में दी जाएगी** |

4. निविदा के लिफाफे-I में **अवर सचिव**, **सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स** (**बचत खाता सं**. **91002010030022; आईएफएससी कोड- SYNB0009100, सिंडिकेट बैंक**, **एनपीएल**, **पूसा**, **नई दिल्ली**) के पक्ष में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा किए गए निविदा शुल्क (गैर-प्रतिदाय)रु.1500/- (एक हजार पांच सौ रुपये मात्र) और **रु.4,46,340/- (रु. चार लाख छियालीस हजार तीन सौ चालीस मात्र)** की बयाना राशि की

स्कैन की गई प्रतियां अपलोड की जाएगी । बिना निविदा लागत तथा बयाना राशिके प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा ।

5. निविदाकर्ता को पूर्णता संबंधी प्रमाण पत्र जारी करने वाली एजेंसीका नाम तथा दूरभाष संख्या इंगित करना होगा ताकि यदि आवश्यक हो, तो दस्तावेजों का सत्यापन कराया जा सके । यह भी नोट किया कि मूल्य बोली खुलने के बाद भी यदि यह पाया जाता है कि प्रस्तुत प्रत्यय-पत्र झूठे/जाली हैं,तो प्रस्तुत ऑफर एकदम अस्वीकृत कर दिए जाएंगे ।

6. नियोक्ता न्यूनतम या किसी टेंडर को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और पूरी निविदा या उसके कुछ भाग को स्वीकार करने का अधिकार रखताहै तथा निविदाकार स्वयं द्वारा उल्लिखित की गई दरों पर कार्य करने के लिए बाध्य होगा ।

7. किसी भी निविदाकार को सीएसआईआर की ऐसी संबंधित यूनिट में कार्य करने हेतु निविदा की अनुमति नहीं दी जाएगी जिसमें प्रशासन नियंत्रक और जूनियर इंजीनियर (दोनोंही) के बीच के ग्रेड का उनका कोई रिश्तेदार तैनात हो । उसे उन व्यक्तियों के नाम सूचित करने होंगे जो किसी हैसियत मेंउसके साथ कार्य कर रहे हैं या बाद में उसके द्वारा नियुक्त किए गए हैं और उसके रिश्तेदार हैं ।

नोटः एक व्यक्ति को एक-दूसरे का रिश्तेदार तभी माना जाएगा जब (क) वे हिंदू अविभाजित परिवार के सदस्य हों या (ख) वे पति- पत्नी हों अथवा (ग) निम्न रुप में एक दूसरे के रिश्तेदार होः पिता, माता (सौतेली मां भी) बेटा (सौतेला बेटा भी) पुत्रवधू, पुत्री (सौतेली पुत्री भी), दादा, पोता,पोते की पत्नी, पोती, पोती का पति, दामाद, नाती की पत्नी, नातिन, नातिन का पति, भाई (सौतेला भाई भी) अनुजवधू, बहिन (सौतेली बहिन भी) जीजा ।

8. प्रस्तुत की गई निविदाएं स्वीकृति एवं कार्य प्रदान करने के उद्देश्यार्थ बोली प्रस्तुति की अंतिम तारीख से 90 दिन की अवधि हेतु मान्य रहेंगी। बोली

प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से 90 दिन के बाद निविदाकी वैधता आपसी सहमति से बढ़ाई जाएगी ।

9. ई-टेंडरिंग में, निविदाकार को दरें केवल अंकों में प्रस्तुत करनी हैं । शब्दों में दरें, प्रत्येकमद की राशि और कुल स्वतः सृजित होता है । इसलिए निविदाकार पूरी सावधानी तथा उद्यम से दरें प्रस्तुत करें ।

10. निविदाकार केवल अंकों में दरें लिखने के अलावा कोई शर्त न लिखें या कोई परिवर्तन, परिवर्धन एवं आशोधन न करें ।

11. बोली प्रस्तुत करने के बाद, निविदाकार यथा अधिसूचित अंतिम तारीख तथा बोली प्रस्तुत करने की तारीख से पहले कई बार संशोधित बोली पुनः प्रस्तुत कर सकता है ।

12. संशोधित बोली प्रस्तुत करते समय, निविदाकार यथा अधिसूचित अंतिम तारीख और बोली प्रस्तुत करने की तारीख से पहले एक या अधिक मद की दर कई बार संशोधित कर सकता है ।

13. निविदार कॉन्ट्रैक्ट ड्रॉइंग्स (जैसा लागू हो) को ध्यानपूर्वक देखे, क्योंकि किसी भी कथित अनभिज्ञता हेतु किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा ।

14. निविदा करने से पहले, निविदाकार सामग्री रखवाने, उपकरणोंएवं संयंत्रों (टी तथा पी) इत्यादि के संस्थापन,आवास प्रभावित करने वाली स्थितियों तथा कामगार आदि की गतिविधि के साथ-साथ स्थल  तक पहुंच, जमीन की प्रकृति एवं सीमा,स्थल की कार्य करनेकी स्थिति संबंधी स्थितियों से स्वयं को पूर्णतः परिचित होने के लिए स्थल का निरीक्षण करेगा जो कि संविदा के संतोषजनक निष्पादन के लिए आवश्यक है । नियोक्ता द्वारा ऐसे कारणों से संबंधित किसी दावे पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।

15. यदि कोई निविदाकार अपनी निविदा को वैधता अवधि के भीतर वापस लेता है या इस निविदा की निबंधन एवं शर्तों में कोई आशोधन करता है, जो कार्य देने से पहले सीएसआईआर को स्वीकार्य नहीं है, तो सीएसआईआर किसी अन्य अधिकार या उपाय को प्रतिकूल रुप से प्रभावित किए बिना बयाना राशि का 50% (पचास प्रतिशत) भाग जब्त करने के लिए स्वतंत्र होगा । इसके अतिरिक्त, निविदाकार को इस कार्य की री-टेंडरिंग प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

16 यदि निविदाकर कार्य मिलने के बाद कार्य को निर्धारित अवधि में शुरू करने में विफल रहता है तो उसकी पूरी बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी ।

17 निविदा की सामान्य शर्तों के कुछ प्रमुख उपबंध निम्नवत हैं । तथापि स्पष्टीकरण निविदा की सामान्य शर्तों में दिए गए के अनुसार होंगे ।

**क. दोष दायित्व की अवधि** प्रभारी इंजीनियर द्वारा यथा प्रमाणित कार्य पूर्ण होने की तारीख से **12 माह** की है ।

**ख. मध्यवर्तीप्रमाण पत्र हेतु कार्य का न्यूनतम मूल्य**:- अंतरिम प्रमाण पत्र **रु. 9,30,000/-(रुपये नौ लाख तीस हजार)** का होगा । तथापि, प्रभारी इंजीनियर के विवेक पर मध्यवर्ती/अंतरिम प्रमाण पत्र हेतु कम से कम राशि स्वीकार की जा सकती है ।

**ग. प्रतिभूति जमा**:- ठेकेदार के लगे हुए प्रत्येक बिल से बिल की सकल राशि का 10% इस कार्यके निविदा मूल्य के 5% राशि के बराबर बयाना जमा के रुप में पहले ही जमा की गई राशि के बराबर होने तक काटा जाएगा । इसके अतिरिक्त, ठेकेदार को जारी अवार्ड लेटर में निर्धारित अवधि के भीतर निष्पादकता

प्रतिभूति के रुप में ठेका मूल्य के 5% के बराबर राशि जमा करनी होगी ।

**घ. प्रतिपूर्तिः** ठेकेदार 1% के बराबर या छोटी राशि को प्रतिपूर्ति के रुप में भुगतान करेगा जिसे नियोक्ता करार में दर्शाए गए के अनुसार समस्त कार्य की लागत पर निश्चित कर सकता है, निर्धारित तिथियों के बाद कार्य अधूरा, अपूर्ण रहता है या कार्य कुछ मात्रा में अधूरा रहता है । करारमें दर्शाई गई संविदा राशि के 10% ( दस प्रतिशत ) से अधिक की प्रतिपूर्ति देय नहीं होगी ।

18. निविदा दस्तावेज और उसमें निबंधन एवं शर्तों से संबंधित किसी समस्या के लिए अनुभाग अधिकारी (इंजीनियरिंग), सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली से पूछ सकते है ।

19. इस कार्य में संविदा की शर्तों का क्लॉज नं. 28 अर्थात् "**एस्केलेशन**" लागू होगा ।

20. सभी निविदाकार अपने-अपने माल एवं सेवा कर संबंधी पंजीकरण का साक्ष्य प्रस्तुत करें । जीएसटी की कटौती, यदि आवश्यक हो तो, सरकार के मानक मानदंडों के अनुसार ठेकेदार के चालू एवं अंतिम बिल से की जाएगी । ठेकेदारों से अनुरोध है कि निविदा मदों कीदरें उल्लिखितकरने के लिए संविदा की सामान्य शर्तों का क्लाजनं. 5 देखें । ठेकेदार जीएसटी तथा श्रम करादि जैसे सभी करसहित अपनी दरों का उल्लेख करेंगे ।

21. क्योंकि यह कार्य स्थल प्रतिबंधित क्षेत्र में है, इसलिए विशिष्ट समय में यातायात पर प्रतिबंध होगा । इसके लिए कुछ भी अतिरिक्त देय नहीं होगा ।

22. क्योंकि यह कार्य रिहायशी अपार्टमेंट में शुरू किया जाना है, इसलिए ठेकेदार कार्य निष्पादन की योजना इस तरीके से करें कि निवासियों को कोई परेशानी न हो । इसके लिए कुछ भी अतिरिक्त देय नहीं होगा ।

23. इस कार्य में कार्य स्थल पर विशिष्ट विनष्टीकरण(डिस्मैंटलिंग)शामिल है, इसलिए कार्य स्थल (ऊपरी तल) से नियमित आधार पर मलवा हटाया जाना आवश्यक है । छत से (ऊपरी तल से) मलवा फेंकने की अनुमति नहीं है । इसकेअतिरिक्त, ठेकेदार बिल्डिंग में सुरक्षित निपटान कार्यहेतु आवश्यक सावधानी बरतेगा और सुनिश्चित करे कि समाप्त मलवा/सामग्री को किसी ढेर पर इकट्ठा किया जाए और इसे बुनियादी स्तर पर हाथ से/ यांत्रिक रुप से सुरक्षित बाहर निकाला जाए । इसके लिए कुछ भी अतिरिक्त देय नहीं होगा ।

24. निविदा में जीसीसी की निबंधन एवं शर्तोंके अनुसार कार्य की देख-रेख हेतु पूरे समय के लिए योग्य एवं अनुभवी इंजीनियर को तैनात करना आवश्यक है ।

25. ठेकेदार को पेय जल का (निर्माण हेतु ठीक) प्रबन्ध स्वयं ही करना होगा जिसका उपयोग संसाधनादि के साथ संपूर्ण कार्य में किया जाएगा, क्योंकि पानी की कमी होने के कारण विभाग पानी की नियमित (निर्माण हेतु सही ) आपूर्ति नहीं कर सकता है ।

26. छोटे आवासीय परिसर और सुरक्षा कारणों के रहते, ठेकेदार को सीएसआईआर अपार्टमेंट के परिसर में मजदूरों (श्रमिकों) के रहने के लिए अस्थाई झोपड़ियों के निर्माण की अनुमति नहीं दी जायेगी । तथापि, तात्कालिक आवश्यकता के मामले में वर्तमान में खाली पड़े गैरेज के सीमित स्थान (मुख्य परिसर के बाहर स्थित) को कुछ मजदूरों (अधिकतम 4) के रहने के लिए ठेकेदार द्वारा उपयोग किया जा सकता है (बशर्तें स्थान उपलब्ध हो), लेकिन शौचालय आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था का प्रबन्ध ठेकेदार को अपनी लागत पर करना होगा ।

27. ठेकेदार को आवश्यक रूप से कार्य की विभिन्न मदों को पूरा करने के लिए पूरे साइट क्षेत्र के आस पास **न्यूनतम 50%क्षेत्र में पाड़ बांधनी होगी ।**

28. **तकनीकी बोली का खुलना (कवर:। )**

(क) तकनीकी बोली को **दिनांक 10.12.2019 को 11:30 बजे (<u>पूर्वाह्न</u> 11:30 बजे)** अभियांत्रिकी सेवा प्रभाग (ईएसडी), सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली 110012 स्थित चीफ इंजीनियर के कार्यालय में **टेंडर ओपनिंगकमेटी** (टीओसी) द्वारा इच्छुक निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों, जो भी उस समय उपस्थित होना चाहें, की उपस्थिति में खोला जायेगा । टेंडर ओपनिंग कमेटी द्वारा इस संबंध में किसी भी दावे या किसी भी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया जाएगा ।

(ख) कवर: । अर्थात तकनीकी बोली में निहित दस्तावेजों के मूल्यांकन के बाद, टेंडर ओपनिंग कमेटी एनआईटी में निर्धारित मानदंडों के अनुसार पात्र निविदाओं को निश्चित करेगी ।

(ग) यह टीओसी तत्पश्चात केवल पात्र निविदाकारों की वित्तीय बोली को खोलेगी ।

29. <u>वित्तीय बोली का खुलना (कवर:।।):</u> पात्र निविदाकारों के कवर:।। को क्रमश: खोला जाएगा । उसके बाद उपस्थित/भाग लेने वाले निविदाकारों की सूचनार्थ उनके द्वारा कोट की गई कुल धनराशि को टीओसी द्वारा जोर से पढ़ा जायेगा ।

30. <u>अस्वीकृत की जा सकने वाली निविदा</u>

निविदा को सीधे अस्वीकृत किया जा सकता है, यदि पाया जाता है कि –

(क) निविदा प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का कड़ाई से पालन नहीं किया गया है ।

(ख) निविदा शर्त सहित है ।

(ग) निविदाकर्ता ने प्रदान किए गए निर्दिष्ट स्थान के अलावा अपने प्रस्ताव को कहीं और कोट कर दिया हो ।

(घ) निविदाकर्ता ने अपने दस्तावेज अपलोड नहीं किए हों अथवा निर्धारित फॉर्मेट न भरा हो ।

(ड) निविदा दस्तावेज से असमानता होने के मद्देनज़र टीओसी द्वारा निश्चित किए गए किसी अन्य आधार पर ।

31. ई-निविदा को प्रस्तुत करने से सम्बन्धित निर्देश सीपीपीपी की वेबसाइट अर्थात https://etenders.gov.in/eprocure/appपर ‘‘इंस्ट्रक्शन फॉर ऑनलाइन बिड सब्मिशन’’ के अन्तर्गत उपलब्ध हैं । सभी इच्छुक निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि वे ई-निविदा की प्रक्रिया में प्रवेश करने से पूर्व इन निर्देशों को पढ़ें और उन्हें सलाह दी जाती है कि किसी भी शुद्धि पत्र/अनुशेष/संशोधन के लिए निविदा जमा करने की अंतिम तारीख तक नियमित रूप से सीपीपीपी की वेबसाइट को देखते रहें । मैनुअल निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

32. निविदाकर्ता संलग्नक: । के अनुसार फर्म के लैटर हेड पर एक वचनबंध प्रस्तुत करेगा । इस वचनबंध की स्कैन्ड प्रति को कवर:। में अपलोड किया जायेगा और वचनबंधकी मूल प्रति को कार्य के आबंटन से पूर्व अभियांत्रिकी सेवा प्रभाग में प्रस्तुत किया जाएगा ।

33. स्कैन किए जाने वाले और कवर: । एवं ।। में अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ों की सूची निम्नवत है :

| क्र.सं. | कवर-। | कवर-।। |
|---|---|---|
| 1. | निविदा लागत को जमा किए जाने की रसीद | निविदा दस्तावेज में दिए गए फॉर्मेट के |
| 2. | बयाना जमा राशि (ईएमडी) को जमा किए जाने की रसीद | |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | एनआईटी के अनुसार संतोषजनक ढंग से पूरे किए गए समान कार्यों के अनुभव प्रमाण पत्र की प्रतियां | अनुसार वित्तीय बोली |
| 4. | उपयुक्त वर्ग के वैध पंजीकरण की प्रति, पंजीकृत (यदि कोई हों) | |
| 5. | जीएसटी पंजीकरण संख्या की प्रति | |
| 6. | पैन कार्ड की प्रति | |
| 7. | संलग्नक:-1 के अनुसार निविदा स्वीकृति पत्र | |

**संलग्नक:-1**

## निविदा स्वीकृति पत्र

(कंपनी के लैटर हैड पर दी जाए)

दिनांक:

सेवा में,

चीफ इंजीनियर,

अभियांत्रिकी सेवा प्रभाग

सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स, पूसा,

नई दिल्ली-110012

**विषय: निविदा के निबंधन और शर्तों की स्वीकृति**

निविदा संदर्भ संख्या: ..........................

निविदा/कार्य का नाम: सीएसआईआर साइंटिस्ट अपार्टमेंट्स, महारानी बाग, आश्रम चौक, नई दिल्ली की फेज़-। इमारतों ( अर्थात् A,B,C,Dएवं E ब्लॉक्स) में संरचनात्मक मरम्मत (स्ट्रक्चरल रिपेयर) ।

महोदय,

1. मैंने/हमने ई-टेंडरिंग पोर्टल https://etenders.gov.in/eprocure/app वेबसाइट (वेबसाइटों) में आपके द्वारा दिए गए विज्ञापन के अनुसार उपर्युक्त 'निविदा/कार्य' के लिए निविदा दस्तावेज़(दस्तावेज़ों) को डाउनलोड/प्राप्त कर लिया है ।
2. मैं/हम एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूँ/करते हैं कि मैने/हमने निविदा दस्तावेजों (सभी दस्तावेजों जैसे जीसीसी, कार्यक्षेत्र, संलग्नक, अनुसूची (अनुसूचियों), वचनबंध पत्र आदि सहित), जो संविदा करार का हिस्सा हैं, की सभी निबंधन और शर्तों को पढ़ लिया है और मैं/हम इसमें निहित निबंधन/शर्तों/धाराओं का पालन करूंगा/करेंगे ।
3. इस स्वीकृति पत्र को जमा करते समय आपके विभाग/संगठन द्वारा समय-समय पर जारी किए गए शुद्धि पत्र(पत्रों) को ध्यान में रखा गया है ।
4. मैं/हम एतद्द्वारा उपर्युक्त निविदा दस्तावेज(दस्तावेजों)/शुद्धि पत्र (पत्रों) की निविदा शर्तो को समग्र रूप से/संम्पूर्ण रूप में बिना किसी शर्त के स्वीकार करता हूं/करते हैं ।
5. मैं/हम एतद्द्वारा घोषणा करता हूं/करते हैं कि हमारी फर्म किसी सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा काली सूची में नहीं डाली गई है/विवर्जित (ब्लैकलिस्टेड/डिबार्ड) नहीं की गई है ।
6. मैं/हम प्रमाणित करता हूं/करते हैं कि हमारी फर्म द्वारा दी गई सभी प्रकार की जानकारी सत्य एवं सही है और किसी जानकारी को गलत/असत्य अथवा उसका उल्लंघन पाए जाने पर आपका विभाग/संगठन उक्त बयाना जमा राशि को पूर्ण रूप से ज़ब्त किए जाने सहित, किसी अन्य अधिकार अथवा उपचार के पूर्वाग्रह के बिना कोई नोटिस दिए अथवा कोई कारण बताए बिना सरकारी तौर पर इस बोली को अस्वीकृत कर देगा ।

भवदीय,

(कार्यालयी मुहर के साथ

बोलदाता के हस्ताक्षर)